


नवभारत
भोपाल, मंगलवार 31 मार्च, 2026

# आकर्षक झांकियां : श्रीजी विमान शोभायात्रा

## शोभायात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं ने रंगोली सजाकर श्री जी की उतारी आरती, सामाजिक संगठनो ने किया चल समारोह का स्वागत

नवभारत न्यूज

**सागर 30 मार्च. जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के तत्वावधान मे गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर से मुनिश्री महासागर महाराज के सानिध्य मे श्रीजी की विमान शोभायात्रा आकर्षक झांकियो के साथ चल समारोह के रूप मे निकाली गई.**

जो नगर के प्रमुख मार्गो से होकर वर्णी भवन मोराजी पहुंचेगा. जहां पर श्रीजी के विशेष अभिषेक के बाद चल समारोह वापस कटरा नमक मंडी आया. दोपहर में 150 कलशो से अभिषेक संपन्न हुआ.



सायंकाल 1008 दीपक प्रज्वलित कर महाआरती हुई. गौराबाई महिला मंडल द्वारा पालना झुलाओ कार्यक्रम संपन्न कराया गया. तत्पश्चात पुरुस्कार वितरण समारोह मे चल समारोह मे शामिल आकर्षक झांकियो को पुरस्कृत किया गया. महिला मंडल की वेशभूषा पर पुरुस्कार दिए गए. शोभायात्रा कटरा नमक मंडी स्थित गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर कीर्ति स्तम्भ, लच्छू चौराहा, वर्णी कॉलोनी, गुजराती बाजार, लिंक रोड, विजय टॉकीज, साबूलाल मार्केट, तीनबत्ती गौर मूर्ति के रास्ते कोतवाली सराफा बाजार,इतवारा बाज़ार होती हुई लक्ष्मीपुरा स्थित वर्णी भवन मोराजी पहुंची. जहां पर श्रीजी का अभिषेक हुआ.

चल समारोह में लगभग 26 आकर्षक झांकिया शामिल हुई, जिनके द्वारा भगवान महावीर स्वामी के उपदेशो के माध्यम से संदेश जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया, निर्णायक मंडल के सदस्यो के द्वारा चयनित झांकियो को पुरस्कृत किया गया. चल समारोह मे विभिन्न सोशल ग्रुप, महिला मंडल सहित सभी मंदिरो की कमेटियो के पदाधिकारी शामिल हुए. श्री महावीर भगवान की प्रतिमा को चांदी के विमान में सिंहासन पर विराजमान किया गया, डीजे, दिव्य घोष, झांकियों के अलावा भजन मंडली भजन गाते हुए चल रही थी महिला मंडल अलग-अलग ड्रेस कोड में हाथों में तख्तियां लेकर महावीर के संदेश को प्रदर्शित कर रही थी. हर घरों के सामने रंगोलिया सजाई गई, मुनि संघ का पाद प्रच्छालन और आरती की गई. हर घरों और प्रतिष्ठानों पर जैन धर्म का पचरंगा झंडा लगा था महावीर जयंती के अवसर पर जैन समाज के सारे प्रतिष्ठान बंद रहे. जगह-जगह अनेक संगठनों की पदाधिकारी ने टेंट लगाकर जुलूस का स्वागत किया इनमें लाइंस क्लब डायमंड, वैश्य महासम्मेलन, भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस पार्टी, महावीर जिनालय सहित 24 से अधिक स्थानों पर स्वागत पंडाल विभिन्न संगठनों के लोगों ने लगाए थे जगह-जगह पानी जूस फल इत्यादि का वितरण लोग कर रहे थे. वर्णी कॉलोनी जैन मंदिर, आदिनाथ जैन मंदिर लिंक रोड, बडकुल मंदिर विजय टाकीज चौराहा, कि कमेटी ने मुनि श्री का पाद प्रच्छालन किया. शोभायात्रा में विधायक शैलेंद्र जैन, पूर्व विधायक सुनील जैन, मुकेश जैन ढाना, संतोष घड़ी, कपिल मलैया, दिनेश बिलहरा, वीरेंद्र मालथौन, मुकेश पारस,जिनेंद्र गौरझामर,अनिल नैनधरा, अशोक पिडरूआ, अशोक फुसकेले, राकेश जैन चच्चाजी, सुरेंद्र खुर्देलीय, सुनील जैन, सुनील सेसई, महेन्द्र जैन, श्रेयांश जैन, राजकुमार पड़ेले, संजय शास्त्री आदि मौजूद थे.

# आईजी के सेवानिवृत्त होने पर कार्यक्रम संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 30 मार्च. पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन श्रीमती हिमानी खन्ना के सेवानिवृत्ति के पर समारोह का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में सागर जोन एवं जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता कर श्रीमती खन्ना के सेवाकाल को स्मरण किया. इस दौरान उनके महानिरीक्षक/नेतृत्व कार्यकाल के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों नवाचारों एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों को दर्शाती फोटो एवं वीडियो के माध्यम से तैयार की गई एक विशेष लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई. लघु फिल्म में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने, अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, सामुदायिक पुलिसिंग तथा टीम नेतृत्व में उनके योगदान को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया.




इस अवसर पर सीसीएफ सागर एवं सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक विनीत खन्ना, पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार शाहवाल, पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा सागर दिनेश कौशल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संजीव उइके एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह सुजीत भदोरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ विक्रम सिंह कुशवाहा सहित सागर जिले एवं सागर जोन के विभिन्न जिलों से आए अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे. समारोह के दौरान अनेक अधिकारियों ने अपने उद्बोधन में श्रीमती हिमानी खन्ना के नेतृत्व, कार्यशैली, अनुशासन एवं मानवीय संवेदनाओं की सराहना की. कई अधिकारी अपने संबोधन के दौरान भावुक हो गए और उनके साथ बिताए अनुभवों को साझा करते हुए उनके मार्गदर्शन को अपने लिए प्रेरणास्त्रोत बताया.

# परिक्रमा करके लौटने पर स्वागत



नवभारत न्यूज

**गौरझामर 30 मार्च. छह महीने पहले पुराना बस स्टेंड स्थित महिरवान सिंह के पुत्र आयुष व तनिष्क जिन्होंने मां नर्मदा नदी की 3 हजार किलोमीटर लम्बी पदयात्रा करने का व्रत लिया.**

इस नर्मदा परिक्रमा को तमाम दुर्गम रास्तों समविषम परिस्थितियो विपरीत मौसम आदि को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ते रहे. बृम्हांड घाट बरमान से प्रारंभ हुई पदयात्रा आखिरकार सफलता संकल्प के साथ पूर्ण हुई. दोनो पदयात्रियो के नगरागमन पर देव संकट मोचन हनुमान मंदिर पर स्वागत किया गया. इस अवसर पर सभी लोगो ने श्री फल भेंट किए. पदयात्रियो के लौटने से नगर मे हर्ष व्याप्त है.

## सतर्क रहें किसान

**सागर.** कलेक्टर संदीप जी आर ने जिले के किसानों से रबी फसल (गेहूं एवं चना) की सुरक्षा के लिए सतर्कता बरतने की अपील की है. उन्होंने कहा कि वर्तमान में रबी सीजन की प्रमुख फसलें अपने अंतिम चरण में हैं तथा कटाई का समय चल रहा है, मौसम विभाग द्वारा अगले 3 दिन अनियमित वर्षा एवं मौसम परिवर्तन की संभावना जताई गई है. कलेक्टर ने कहा है कि जहां फसल पक चुकी है, वहां शीघ्र कटाई प्रारंभ करें और कटाई में अनावश्यक देरी न करें. कटी हुई फसल को खुले में न छोड़ें, बल्कि तिरपाल या सुरक्षित स्थान पर रखकर सुखाएं.

# डोहेला महोत्सव : तैयारियों का निरीक्षण किया

नवभारत न्यूज

**खुरई 30 मार्च. युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि आगामी 5 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले बहुचर्चित और डोहेला महोत्सव को इस वर्ष और अधिक आकर्षक, सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं.**

उन्होंने किला परिसर मैदान पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया और चल रहे निर्माण एवं व्यवस्थागत कार्यों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. श्री सिंह ने कहा कि यह महोत्सव क्षेत्र की



सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है और इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं. उन्होंने तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली और गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई है तथा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करें, ताकि महोत्सव के दौरान नागरिकों एवं आगंतुकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े.

# स्वच्छता रैली निकाली गई




नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 30 मार्च. शासकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर ग्राम कल्याणपुर एवं चंद्रापुर में चल रहा हैं.**

जिसमें बौद्धिक विकास सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जन संवाद, स्वछता रैली आदि का आयोजन किया जा रहा है. विषय विशेषज्ञ के डॉ रुपेश उपाध्याय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर विद्यार्थियों को जानकारी दी. साथ ही सामुदायिक सेवा, अनुशासन और नेतृत्व कौशल के विकास को प्रोत्साहित किया है. इस मौके पर प्राचार्य डॉ. चंदनसिंह सागर, कार्यक्रम अधिकारी डॉ ऋतु व्यास, अनिल अहिरवार एवं छात्राएं उपस्थित रहे.

# स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**सागर 30 मार्च. गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर के डेढ सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे त्रिदिवसीय कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श शिविर आयोजित किया गया.**

कटरा नमक मंडी स्थित गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण मे आयोजित शिविर मे भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय के चिकित्सको की टीम ने शिविर मे उपस्थित मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया गया. शिविर मे भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय के डॉक्टर मधुर जैन, डॉक्टर ऋचा गोयल, डॉक्टर



सौरभ जैन चौधरी, डॉ. प्रमोद सिजारिया, डॉक्टर नितिन जैन, डॉक्टर अंजली, डॉक्टर कांची जैन ने शिविर मे सेवाये प्रदान की. शिविर मे हृदय रोग, डायबिटीज, हड्डी, मुख और दंत रोग आदि से संबंधित मरीजो का उपचार किया गया. शिविर का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रजवल्लन कर मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन द्वारा किया गया. इस अवसर पर मंदिर कमेटी से संतोष जैन घड़ी, राकेश जैन चच्चाजी, दिलीप रांधेलीय, डॉ. महेन्द्र जैन, डॉ. राजेश जैन, डा. ऋषभ जैन, अशोक वीर, श्रेयांश जैन, देवेन्द्र फुसकेले श्रीकांत जैन, संजीव जैन मौजूद थे.

# अधिवेशन आयोजित किया गया



नवभारत न्यूज

**सागर 30 मार्च. गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर के डेढ़ सौ वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम के तहत जैन पाठशालाओ की शिक्षक-शिक्षिकाओ का अधिवेशन मुनिश्री महासागर महाराज के सानिध्य मे संपन्न हुआ.**

अधिवेशन के मुख्य अतिथि ब्रम्हचारी भरत भैया और आचार्य आशीष सांगानेर रहे. मुनिश्री ने कहा कि मौलिक शिक्षा की होड मे बच्चे धर्म और नैतिकता से दूर होते जा रहे है. इस अवसर पर संतोष जैन घड़ी, दिलीप रांधेलीय, अशोक वीर, डॉ. अरूण सिंघई, अशोक फुसकेले, अशोक पिडरूआ, संतोष रांधेलिया, राकेश जैन चच्चाजी मौजूद थे.

# आपदा में अवसर तलाशने वालों पर कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सागर 30 मार्च. अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रवीण अस्थाना के नेतृत्व में थाना बांदरी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम ग्रंट में एक व्यक्ति द्वारा अपनी चाय-गुटखा की दुकान पर अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थ ( डीजल ) का भारी मात्रा में संग्रह कर अवैध बिक्री की जा रही है.**

सूचना पर थाना प्रभारी बांदरी श्री सुमेर सिंह जगेत के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक विजय पटेल द्वारा पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर दबिश दी गई. मौके पर एक



व्यक्ति की दुकान से 200-200 लीटर के दो नीले ड्रम एवं 50-50 लीटर की जरी केनों में डीजल भरा हुआ पाया गया, साथ ही माप-तौल हेतु उपकरण भी बरामद हुए. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जोधन लोधी उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम ग्रंट थाना बांदरी िबताया तथा डीजल के संग्रह एवं विक्रय के लिए कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका. जांच में कुल 564 लीटर डीजल अवैध रूप से संग्रहित पाया गया, जिसे विधिवत जप्त किया गया. आरोपी द्वारा डीजल की संभावित कमी की अफवाह का लाभ उठाकर कम दाम में खरीदकर अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से यह अवैध भंडारण किया जाना सामने आया. आरोपी के विरुद्ध धारा 287 बीएनएस एवं धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत थाना बांदरी में अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही की गई है.

# शासकीय संपत्ति को गंदा करने वाले संस्थान संचालक पर जुर्माना

नवभारत न्यूज

**सागर 30 मार्च. अभियान चलाकर समस्त सार्वजनिक और निजी संपत्ति को अवैध रूप से स्याही या रंग से लेखन करने, पोस्टर बैनर चिपकाकर गंदा करने, लिखने या विरूपित करने वालों पर कार्यवाही की जा रही है.**

डिग्री कॉलेज की दिवार पर चिपके कोचिंग और मैस आदि के पोस्टर पम्पलेट के माध्यम से निगमकर्मियों ने उक्त संस्थान के संचालक से सम्पर्क किया और चालान कर 500/- रूपये जुर्माना बसूला गया. उक्त संस्थान संचालक ने स्वयं की गलती स्वीकारते हुए शहर को स्वच्छ रखने के लिए अपने कर्मचारी बुलाकर डिग्री कॉलेज की दीवार



पर चिपके पम्पलेट पोस्टर निकलवाएँ और आगे से ऐसा न करने और अपने शहर को साफ स्वच्छ रखने में सहयोग करने की सहमती दी.निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत देश के सभी शहरों के मध्य आयोजित होने वाली स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतिस्पर्धा में दर्शनीय स्वच्छता का बड़ा महत्व है. स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत मूल्यांकन 12,500 अंकों के आधार पर किया जाएगा.

## मोतीचूर नदी में विसर्जन

**बीना.** छोटी बजरिया स्थित गुप्ता गार्डन में चैत्र नवरात्र में मां महाकाली की झांकी सजाई गई थी. चल समारोह निकालने के दौरान कात्यायनी मंदिर के पास खटीक समाज ने मां की आरती की. झांकी चल समरोह गुप्ता गार्डन से शुरू होकर बीना के रेलवे कॉलोनी, सागर गेट, गांधी तिराहा, कॉलेज तिराहा, सर्वोदय चौराहा, अंबेडकर तिराहा से होते हुए मोतीचूर नदी पहुंचा, जहां मूर्ति का विसर्जन किया गया. इस दौरान भक्तों ने मां के जयकारे भी लगाए. 15 फीट ऊंची प्रतिमा की गई थी विराजमान महाकाली सेवा समिति पिछले पांच सालों से शहर के छोटी बजरिया स्थित गुप्ता गार्डन में महाकाली की प्रतिमा विराजमान की जाती है. जानकारी के अनुसार इस बार भी करीब 15 फीट ऊंची महाकाली की स्थापना की गई थी.

# किसान संगोष्ठी भवन का हुआ भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**सागर 30 मार्च. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जैसीनगर में किसानों के लिए बनाए जाने वाले किसान संगोष्ठी भवन का भूमिपूजन किया.**

लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जिससे क्षेत्र के किसानों को प्रशिक्षण, बैठक और नई कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध हो सकेगा. इस अवसर पर मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी उन्नति के बिना प्रदेश और देश का विकास संभव नहीं है. उन्होंने बताया कि बनने वाला यह



मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि इस भवन में किसानों के बैठने के लिए सभागार, बैठक कक्ष तथा रहने की व्यवस्था भी रहेगी, जिससे दूर-दराज से आने वाले किसान यहां ठहर सकेंगे और कृषि विशेषज्ञों के साथ संवाद कर सकेंगे. यहां नियमित रूप से किसान संगोष्ठी, प्रशिक्षण कार्यक्रम, कृषि कार्यशालाएं और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, इससे किसानों को नई तकनीकों को अपनाने, उत्पादन बढ़ाने और आय में वृद्धि करने में मदद मिलेगी. इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरनाम सिंह,किसान मोर्चा अध्यक्ष धीरज सिंह, जैसीनगर जपं अध्यक्ष रामबाबू सिंह,अंत्योदय समिति के अध्यक्ष साहब सिंह, क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष नीरज सिंह, अनिल सिंह एड, एड. राजू बड़ोनिया, डब्बू आठिया ,संदीप सिंह आदि मौजूद थे.

किसान संगोष्ठी भवन किसानों के लिए केंद्र साबित होगा, जहां किसान आधुनिक खेती की तकनीकों, नई योजनाओं और कृषि से जुड़ी जानकारियों को आसानी से प्राप्त कर सकेंगे.



# साइकिल से की चारधाम यात्रा

नवभारत न्यूज

**सागर 30 मार्च. भारतीय मजदूर संघ की प्रेरणा से मृत्युंजय महादेव मंदिर एवं मनसा पूरण महादेव जी मंदिर से पवित्र यात्रा का शुभारंभ किया.**

यात्रा के दौरान श्री देवा जोगी योगी ने लोगों को अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने का संदेश दिया. उन्होंने स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करते हुए चारों धाम की यात्रा पैदल एवं साइकिल से पूरी की, ताकि पर्यावरण को बचाने का संदेश समाज तक पहुँच सके. इस यात्रा के समापन पर भारतीय मजदूर संघ द्वारा जिला चिकित्सालय में स्वागत किया गया. इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष जगदीश जारोलिया, दीपक मिश्रा, कमलेश चुटीले, प्रभात मिश्रा, सोनू चुटीले, इरफान अली, बिहारी यादव, विनय सोदिया, गोविंद पंडित, अभिषेक सनकत, दिनेश पटेल, हेमंत मछंदर प्रदीप विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे.

# विद्युत मंडल के खिलाफ लोगों में आक्रोश

नवभारत न्यूज

**बीना30 मार्च. सरकार द्वारा बढ़ाई गई बिजली दरों, स्मार्ट मीटर व्यवस्था और फिक्स चार्ज के खिलाफ बीना में जनता का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है.**

कांग्रेसजनों और आम उपभोक्ताओं द्वारा चलाया जा रहा हस्ताक्षर अभियान अब जनआंदोलन का रूप लेता दिखाई दे रहा है. नागरिकों ने हस्ताक्षर कर कहा है कि बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकता को मुनाफाखोरी और जनशोषण का माध्यम नहीं बनने दिया जाएगा. इस अभियान का शुभारंभ पूर्व मंत्री एवं



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभु सिंह ठाकुर द्वारा किया गया था. अभियान के अंतर्गत संकलित ज्ञापन कल 31 मार्च को अंबेडकर प्रतिमा पर एसडीएम को सौंपा जाएगा. इस पूरे अभियान को गति देने, जनता तक मुद्दे को पहुंचाने और संगठनात्मक रूप से मजबूत करने में महेंद्र नवैया तथा महिला कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष एड. उमा नवैया ने सहयोग प्रदान किया है. अभियान में देवेंद्र कुशवाहा, अशोक परिहार, विक्रांत गोलंदाज, दयाचंद चौधरी, मीना अहिरवार, विनीता अहिरवार, मोतीलाल मसाब, सुरेश सेन, अशोक अहिरवार मौजूद थे.

## आप में ज्योतिष सोनी बने जिला संयुक्त सचिव

**सागर.** आम आदमी पार्टी ने संगठन विस्तार को लेकर सागर जिले में अहम नियुक्ति की है. पार्टी नेतृत्व ने ज्योतिष सोनी को जिला संयुक्त सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है. यह नियुक्ति राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अनुशंसा पर की गई है. जानकारी के अनुसार प्रदेश प्रभारी एवं दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर और प्रदेश सह-प्रभारी अखिलेश त्रिपाठी की सहमति से निर्णय लिया. पार्टी नेतृत्व ने ज्योतिष के पूर्व कार्यों और संगठन में सक्रिय भूमिका को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी है.



# अग्रसेन मंडपम भवन स्वीकृति पर अभिनंदन

नवभारत न्यूज

**सागर 30 मार्च. विधायक शैलेंद्र जैन द्वारा अग्रवाल समाज को मंगल भवन ( महाराजा अग्रसेन मंडपम ) के लिए जगह उपलब्ध कराकर उसके निर्माण हेतु विधायक निधि से राशि स्वीकृत करने पर अग्रवाल विकास सभा के अध्यक्ष आलोक अग्रवाल के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक श्री जैन का अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया गया.**

इस अवसर लीगल राइट्स काउंसिल की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती अनुश्री जैन साथ रहीं.



श्री जैन ने कहा कि मेरा अग्रवाल समाज से सदैव पारिवारिक जुड़ाव रहा है, अग्रवाल समाज का देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान के साथ साथ सामाजिक प्रकल्पों में अग्रणी सहभागिता रहती हैं, ऐसे सेवाभावी समाज के मंगल भवन का निर्माण उसकी उपयोगिता सिद्ध करेगा.इस दौरान अग्रवाल विकास सभा के सचिव मोहन अग्रवाल, राकेश अग्रवाल रज्जन भैया, अलोक अग्रवाल, शशिकांता अग्रवाल, शिव भीमसरिया, अशोक अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, बंटी अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, विजय अग्रवाल, हेमंत पोद्दार, छाया अग्रवाल मौजूद थीं.

## सौंपी गईं तैयारियां

**ललितपुर.** श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बैठक समिति अध्यक्ष बृजेश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में समिति उपाध्यक्ष राजेश दुबे के आवास पर संपन्न हुई, जिसमें हनुमान जयंती पर्व को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई. बताया गया कि एक अप्रैल को सुंदरकांड रात्रि 8 बजे से व रात्रि 12 बजे से जन्मोत्सव, 2 अप्रैल गुरुवार सुबह 7 बजे से श्रृंगार दर्शन हवन पूजन व प्रसाद वितरण शोभायात्रा शाम 4.30 बजे से तुवन मंदिर से आरंभ होगी,जो सदर कांटा, महावीरपुरा, रावरपुरा, चौबयाना नदीपुरा, सावरकर चौक, घंटाघर होते हुए तुवन मंदिर पर समापन होगा.